Seat No.: | | | | | | | |

Sl. No. : 101533

# 002 (H)

(May, 2021)

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : 100**

सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में कुल चार विभाग हैं।

2) प्रश्नपत्र में दी गई सूचना के अनुसार उत्तर लिखें।

3) शुद्ध वाक्य-रचना, उचित भाषा-शैली एवं स्वच्छता आवश्यक है।

4) प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर दिए गए हैं।

## विभाग - A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : [5]**

1) 'काले मेघा पानी दे' पाठ किस साहित्यिक विधा में लिखा गया है?

(अ) कहानी (ब) संस्मरण

(क) निबंध (ड) रिपोर्ताज

2) किस प्रकार के लोग बाज़ार को सार्थकता प्रदान करते हैं?

(अ) जो खाली मन रखते हैं। (ब) जिसका मन भरा हो।

(क) जो जानता है कि वह क्या चाहता है। (ड) जो पर्चेजिंग पावर रखते हैं।

3) 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के लेखक कौन हैं?

(अ) भीमराव अंबेडकर (ब) जस्टिस एस. एन. कपूर

(क) मार्शल (ड) अमर्त्य सेन

4) 'भक्तिन' कहानी किस पुस्तक से ली गई है?

(अ) स्मृति की रेखाएँ (ब) दीपशिखा

(क) अतीत के चलचित्र (ड) क्या भूलूँ, क्या याद करूँ!

5) लुट्टन किसे अपना गुरु मानता था?

(अ) राजा साहब को (ब) चाँद सिंह को

(क) गाँव को (ड) ढोलक को

■ **जोड़े मिलाइए :** **[5]**

| | पात्र | संवाद |
|---|---|---|
| 6 ) | कस्टम ऑफिसर | (अ) ''देख बिना त्याग के दान नहीं होता।'' |
| 7 ) | भक्तिन | (ब) ''जीते रहो, बहादुर! तुमने मिट्टी की लाज रख ली।'' |
| 8 ) | जीजी | (क) ''नहीं सरकार, लड़ेंगे.... हुकुम हो सरकार .....।'' |
| 9 ) | बादल सिंह | (ड) ''हमारी जमीन, हमारे पानी का मज़ा ही कुछ और है !'' |
| 10 ) | राजा साहब | (इ) ''वहीं दफ़ना दे, बहादुर !'' |
| | | (फ) ''अब हमहूँ पढ़ै लागब तो घर-गिरिस्ती काउन देखी-सुनी।'' |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[3]**

11 ) जैनेन्द्र जी ने किसे अनीतिशास्त्र कहा है?

12 ) लुट्टन का पालन-पोषण उसकी सास ने क्यों किया?

13 ) कीर्तन में सिख बीबी को देखकर सफ़िया क्यों हैरान रह गई?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

14 ) महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अंतर होता था?

15 ) भगत जी की विशेषता बताइए।

16 ) जाति-प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी व भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पंद्रह-बीस वाक्यों में लिखिए :** **[5]**

17 ) भक्तिन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

18 ) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लोक-प्रचलित विश्वास और विज्ञान के द्वन्द्व का सुंदर चित्रण है, समझाइए।

■ **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** **[6]**

19 ) ''अरे, फिर वही कानून-कानून कहे जाते हो! क्या सब कानून हुकूमत के ही होते हैं, कुछ मुहब्बत, मुरौवत, आदमियत, इंसानियत के नहीं होते? आखिर कस्टम वाले भी इंसान होते हैं, कोई मशीन तो नहीं होते।''

20 ) औरत ही तो है जो मानव जाति की निरंतरता को बनाए रखने के लिए बच्चा जनने की तकलीफों से गुजरती है और संघर्ष करती है, बहुत अधिक मजबूत और बहादुर सिपाहियों से भी ज्यादा मेहनत करके खटती है। उतना संघर्ष तो ये सारे सिपाही मिलकर भी नहीं करते।

## विभाग - B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[5]**

21 ) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के केन्द्र में...

(अ) मीडिया की जागरुकता है। (ब) मीडिया की संवेदनहीनता है।

(क) मीडिया का निष्पक्ष चेहरा है। (ड) मीडिया की ईमानदारी है।

22 ) 'छोटा मेरा खेत'- यह कविता मूल रूप से किस भाषा में लिखी गई है?

(अ) मराठी (ब) पंजाबी

(क) गुजराती (ड) उर्दू

23 ) हनुमान मन ही मन किसकी सराहना करते हुए चले जा रहे हैं?

(अ) भरत (ब) राम

(क) सुषेण वैद्य (ड) सीता

24 ) 'उषा' कविता में भोर का नभ कैसा लग रहा है?

(अ) ताम्रवर्णी (ब) धुँधला-सा

(क) नीला सागर जैसा (ड) नीला शंख जैसा

25 ) 'लोग भूल गए हैं' नामक काव्य-संग्रह से कौन-सी कविता ली गई है?

(अ) उषा (ब) कैमरे में बंद अपाहिज

(क) पतंग (ड) आत्मपरिचय

■ **जोड़े मिलाइए :** **[5]**

| | **रचनाकार** | | **रचना** |
|---|---|---|---|
| 26 ) | फ़िराक गोरखपुरी | (अ) | पतंग |
| 27 ) | आलोक धन्वा | (ब) | सहर्ष स्वीकारा है |
| 28 ) | मुक्तिबोध | (क) | उषा |
| 29 ) | शमशेर बहादुर सिंह | (ड) | रुबाइयाँ |
| 30 ) | हरिवंश राय बच्चन | (इ) | कैमरे में बंद अपाहिज |
| | | (फ) | आत्मपरिचय |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[3]**

31 ) पंक्तिबद्ध उड़ते बगुलों को देखकर कवि को कैसा लगता है?

32 ) 'मैं कभी न जग का ध्यान किया करता हूँ'- कवि ऐसा क्यों कहते हैं?

33 ) 'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' काव्यांश 'रामचरितमानस' के किस कांड से लिया गया है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

34 ) 'सबसे तेज बौछारें गयीं, भादों गया' के बाद के प्राकृतिक परिवर्तन को अपने शब्दों में लिखिए।

35 ) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' में कवि के कदम शिथिल क्यों पड़ जाते हैं?

36 ) जिद कर रहे बालक को माँ ने कैसे बहलाया? -'रुबाइयाँ' के आधार पर उत्तर दीजिए।

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पंद्रह-बीस वाक्यों में लिखिए :** **[5]**

37 ) 'सहर्ष स्वीकारा है'- कविता का केन्द्रीयभाव लिखिए।

38 ) भाई के शोक में डूबे राम के विलाप को अपने शब्दों में लिखिए।

■ **निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्यांख्या कीजिए :** **[6]**

39 ) अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से और बच जाते हैं तब तो
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं।

40 ) रोपाई क्षण की
कटाई अनंतता की
लुटते रहने से ज़रा भी नहीं कम होती।

41 ) मम हित लागि तजेहु पितु माता। सहेहु बिपिन हिम आतप बाता।
जौं जनतेउँ बन बंधु बिछोहू। पितु बचन मनतेउँ नहिं ओहू।।

## विभाग - C

■ **निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :** **[2]**

42 ) रमेश

43 ) अभ्युदय

■ **निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :** **[2]**

44 ) अचरज

45 ) गाँव

■ **निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए :** **[2]**

46 ) बहनोई

47 ) मिठाई

■ **निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके समास का नाम बताइए :** **[2]**

48 ) दोपहर

49 ) यथाशक्ति

■ **निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए एक शब्द लिखिए :** **[2]**

50 ) रात में चलनेवाला

51 ) एक ही माँ की कोख से जन्मे

■ **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए :** **[4]**

52 ) गद्‌गद होना

53 ) दाल में काला होना

■ **निम्नलिखित छन्द का लक्षण लिखकर उदाहरण लिखिए :** **[2]**

54 ) दोहा

■ **निम्नलिखित अलंकारों की सोदाहरण परिभाषा लिखिए :** **[4]**

55 ) अनुप्रास

56 ) रूपक

## विभाग – D

■ **निम्नलिखित अपठित परिच्छेद का एक-तिहाई भाग में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** **[5]**

57 ) विद्या, कला, साहित्य, धन और राजत्व से भी आचरण की सभ्यता अधिक ज्योतिष्मती है। आचरण की सभ्यता को प्राप्त करके एक कंगाल आदमी राजाओं के दिलों पर भी अपना प्रभुत्व जमा सकता है। इस सभ्यता के दर्शन से कला, साहित्य और संगीत की अद्‌भुत सिद्धि प्राप्त होती है। इस सभ्यता का देश ही निराला है। उसमें न शारीरिक झगड़े हैं, न मानसिक, न आध्यात्मिक। न उसमें विद्रोह है, न जंग का ही नामो निशान है, और न वहाँ कोई ऊँचा है, न नीचा, न कोई वहाँ धनवान है और न कोई वहाँ निर्धन। वहाँ प्रकृति का नाम नहीं, वहाँ तो प्रेम और एकता का अखंड राज्य रहता है।

■ **निम्नलिखित विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :** **[10]**

58 ) भ्रष्टाचार: समस्या और समाधान

**अथवा**

प्रदूषण की समस्या

**अथवा**

मेरे सपनों का भारत

**अथवा**

भारतीय किसान

■ **निम्नलिखित अपठित काव्यांश का भावार्थ लिखिए :** **[5]**

59 ) उभरी नसों वाले हाथ
घिसे नाखूनों वाले हाथ
पीपल के पत्ते-से नए-नए हाथ
जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ
गन्दे कटे-पिटे हाथ
जख्म से फटे हुए हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ।

यहीं इस गली में बनती हैं
मुल्क की मशहूर अगरबत्तियाँ
इन्हीं गन्दे मुहल्लों के गन्दे लोग
बनाते हैं केवड़ा, गुलाब, खस और रातरानी

अगरबत्तियाँ
दुनिया की सारी गन्दगी के बीच
दुनिया की सारी खुशबू
रचते रहते हैं हाथ

खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ।

◆◆◆